कैबनिेट ने कांताटोली फ्लाईओवर को मंज़ूरी दी

चर्चा में क्यों?

28 सतिंबर, 2021 को राज्य मंत्रमिंडल ने 224.94 करोड़ रुपए की लागत से कोकर में योगदा सत्संग से शांतनिगर को जोड़ने वाले 2240 मीटर लंबे कांताटोली फ्लाईओवर के नर्िमाण के लयि मंज़ूरी दे दी।

प्रमुख बदिु

- कैबनिेट सचवि वंदना डडेल ने बताया कि इस परयिोजना का उद्देश्य राँची के कांताटोली क्षेत्र में **सड़क के बुनयिादी ढाँचे में सुधार** करना है।
- राँची शहर के भीतर वभिन्नि इलाकों को जोड़ने में **कांताटोली एक रणनीतकि बदिु** है। यह **जमशेदपुर, हज़ारीबाग, पटना और क्षेत्र के अन्य महत्त्वपूर्ण शहरों की सड़क माध्यम से यात्रा करने वाले लोगों के लयि एक महत्त्वपूर्ण पारगमन बदिु** है।
- इसके साथ ही कैबनिेट ने **चावल फोर्टफिकिेशन योजना** के तहत **फोर्टफिाइड चावल उपलब्ध कराने के लयि एक पायलट परयिोजना** शुरू करने को भी मंज़ूरी दी।
- इसके अलावा कैबनिेट ने शहर के भीतर जलापूर्ति की प्रक्रयिा को आसान बनाने के उद्देश्य से **शहरी जलापूर्ति सुधार परयिोजना** के तहत कोडरमा ज़िले में **झुमरी तलैिया के लयि एक जलापूर्ति परयिोजना को भी मंज़ूरी** दी।
- इसी तरह राज्य मंत्रमिंडल ने कांके में 113 करोड़ रुपए से अधकि के एक **ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को अपनी मंज़ूरी** दी, जसिका उद्देश्य अन्य ज़िलों और राज्यों से प्रवेश करने वाले भारी ट्रकों को नो-एंट्री अवधि के दौरान पार्क करने और माल उतारने के लयि जगह प्रदान करना है **यह झारखंड का पहला परविहन नगर होगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-kantatoli-flyover